[9/3/2021] परिशिष्ट - एक

प्रश्न सं. [क्र. 1646]

1/1

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक – 1646 द्वारा मान. विधायक श्री राकेश मावई

क्र.	प्रश्न	उत्तर
(क)	जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर अंतर्गत कृषि महाविद्यालय, जबलपुर उद्यानिकी विभाग में कुल सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों के कितने पद स्वीकृत है एवं उन पदों के विरूद्व कितने कितने सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक पदस्थ है ? नाम एवं पदस्थापना स्थान सहित जानकारी देवें ।	जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय जबलपुर के उद्यानिकी विभाग में प्राध्यापक पद हेतु कुल 01 एवं सहायक प्राध्यापक पद हेतु कुल 04 पद स्वीकृत है । सहायक प्राध्यापक हेतु स्वीकृत कुल 04 पदों में से 02 पद भरे हैं एवं प्राध्यापक पद हेतु स्वीकृत कुल 01 हैं, जो वर्तमान में रिक्त है। जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत स्वीकृत एवं भरे पदों का नाम एवं पदस्थापना विवरण संलग्न है । (परिशिष्ट–एक)
(ख)	क्या प्रश्नांष (क) अनुसार स्वीकृत पदों के विरूद्ध कम संख्या में सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक पदस्थ है ? यदि हॉ तो उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग म.प्र शासन भोपाल सहित अन्य गैर शैक्षणिक विभागों में सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यपकों को प्रतिनियुक्ति पर क्यों भेजा गया है ? कारण सहित जानकारी बतायें ।	कृषि महाविद्यालय, (उद्यानिकी विभाग) जबलपुर अंतर्गत सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक के स्वीकृत पदों के विरुद्ध भरे हुये पद कम संख्या में हैं । उप सचिव, म.प्र. शासन उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, भोपाल के पत्र पृष्ठां.क्रमांक एफ 1–1/ 2018/58, दिनांक 03.07.2020 के द्वारा कृषि महाविद्यालय (उद्यानिकी विभाग), जबलपुर अंतर्गत कार्यरत डॉ. विजय अग्रवाल को प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है। जिनका कार्यकाल दिनांक 31.05.2021 को समाप्त हो रहा है। कृषि महाविद्यालय (उद्यानिकी विभाग) जबलपुर अंतर्गत गैर शैक्षणिक विभागों में सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापकों को प्रतिनियुक्ति नहीं दी गई है। ।
(ग)	क्या जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर अंतर्गत कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के उद्यानिकी विभाग में कोई शैक्षणिक कार्य नहीं हो रहा है ? अथवा शैक्षणिक कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है यदि हॉ तो प्रतिनियुक्ति पर गये प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यपकों को कब तक विश्वविद्यालय में वापिस लाने की कार्यवाही करेंगे ?	जवाहरलाल नेहरू कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय (उद्यानिकी विभाग) में शैक्षणिक कार्य निर्धारित प्रकियानुसार जारी है। संबंधित सहायक प्राध्यापक को प्रतिनियुक्ति अवधी पूर्ण होने पर शासन नियमानुसार पदधारक की सेवाएं विश्वविद्यालय में वापिस प्राप्त करने की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।
(घ)	क्या जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर अंतर्गत कृषि महाविद्यालय, जबलपुर सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों के शैक्षणिक कार्य किये बिना पदोन्नति का प्रावधान/नियम है ? यदि नहीं तो पिछले 5 वर्षों से किन–किन सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों को पदोन्नति दी गई अथवा पदोन्नति प्रकियाधीन है ? नाम एवं पदस्थापना सहित सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें ।	जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर अंतर्गत स्वीकृत सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों हेतु पदोन्नति का कोई प्रावधान/नियम नहीं है । अतः विश्वविद्यालय अंतर्गत विगत 05 वर्षो में कोई पदोन्नति की कार्यवाही नहीं कि गई है और नहीं प्रकियाधीन है ।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

कुलसचिव
कुलसचिव
जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)

h:\qn, 1646.docx

सहायक संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास

(1)

(परिशिष्ट–एक) 1/2

विधानसभा (तारांकित) प्रश्न क्रमांक – 1646 पूरक जानकारी

कृषि महाविद्यालय (उद्यानिकी विभाग), जबलपुर के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक के स्वीकृत/भरे पदों की जानकारी का विवरण ।

पद नाम	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद	पद पर कार्यरत सहायक प्राध्यापक/प्राध्यापक का नाम	पदस्थापना स्थल
प्राध्यापक	01	00	01	–	–
सहायक प्राध्यापक	04	02	02	1. डॉ. एस.के.पाण्डेय 2. डॉ. बी.आर.पाण्डेय	उद्यानिकी विभाग कृषि महाविद्यालय, जबलपुर

कुल पृष्ठ (2) परिशिष्ट एक

सं2021

A.K.Bhowmick 24.02.21
Dean
College of Agriculture
J.N.K.V.V., JABALPUR

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

सहायक संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
म.प्र. भोपाल